<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–09 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अयोध्या में दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों की मूर्तियों का किया अनावरण। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा– दक्षिण भारत के हर घर में बसते हैं श्रीराम।
- केन्द्र सरकार की ओर से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दिये गये दिशा–निर्देश। प्रत्येक बैच के निर्माण और बाजार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया।
- प्रदेश के सभी जिलों में आज से अठारह अक्टूबर के बीच आयोजित होंगे स्वदेशी मेले। राज्य के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा–वोकल फॉर लोकल अभियान को जन आंदोलन का रूप देंगे यह मेले ।
- कानपुर में दो स्कूटी में हुए विस्फोट में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल। पुलिस ने गलत सूचना पर ध्यान न देने की अपील की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल अयोध्या में दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों संत त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का अनावरण किया। इस मौके पर बृहस्पति कुंड पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संतों ने दक्षिण भारत में पंद्रहवीं सदी से अठारहवीं सदी तक राम भक्ति के प्रचार प्रसार में जीवन व्यतीत किया। उनकी मूर्तियां स्थापित होने से हर किसी को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का संदेश मिलेगा।

**दक्षिण भारत के हमारे पूज्य संतों ने सदैव से उत्तर दक्षिण को जोड़ने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी जी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान का एक नया क्रम है जिसमें हम उत्तर को दक्षिण से दक्षिण को उत्तर से पूरब को पश्चिम से पश्चिम को पूरब से जोड़ करके एक बार भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। काशी तमिल संगमम की तर्ज पर दक्षिण भारत के इन तीन पूज्य संतों की मूर्ति की अनावरण का ये समारोह हम सबको एक बार फिर से इस अभियान को और मजबूती के साथ जोड़ने का एक अवसर प्रदान कर रहा है।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दक्षिण भारत के संतों की प्रतिमाओं को अयोध्या में स्थान मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में भी हर घर में भगवान राम का वास है।

**दक्षिण भारत में हर घर में कुछ ना कुछ रूप में श्री राम को माना जाते है। श्री राम को हर दिन हर श्वास में राम राम राम बोलने वाले इन तीनों महत्वपूर्ण संतों का पावन नगरी अयोध्या में स्थान मिला है। उत्तर हो, दक्षिण हो हमारे भावना एक ही है भारत देश के लिए हम है और हमारे बहुत ही मुख्य अंश हमारे जीवन शैली में भक्ति है।**

**********

अयोध्या में 19 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दिव्य एवं भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार दीपोत्सव के अंतर्गत राम की पैड़ी 26 लाख दीपों की रोशनी से जगमग होगी। एक रिपोर्ट

**दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर कल पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में पर्यटन मंत्री ने कहा कि दीपोत्सव आस्था और संस्कृति का उत्सव है। इस बार अयोध्या अपने ही बनाए रिकॉर्ड को तोड़ेगी। 26 लाख दीपों से सरयू तट और राम की पैड़ी रोशन होगी, जबकि 2100 अर्चक एक साथ सरयू आरती करेंगे। आकाश में 1100 ड्रोन के माध्यम प्रभु राम की लीलाओं मंचन होगा। पूरे आयोजन को यादगार बनाने के लिए रामायण के सातो कांड पर आधारित 14 झांकियां निकलेंगी। अयोध्या से तन्मय सोनी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चंद्र गुप्ता।**

**********

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल वाराणसी के सारनाथ में निर्माणाधीन सोवा रिग्पा अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में कई गंभीर बीमारियों का इलाज तिब्बती चिकित्सा विधि से किया जाएगा, जिसका लाभ आसपास के जिले के लोगों को भी मिल सकेगा।

**********

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से दवाइयों के प्रत्येक बैच के निर्माण और बाजार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने के उपाय करने को कहा है। एक रिपोर्ट–

**यह निर्देश मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मृत्यु के मद्देनजर जारी किया गया है, जो कथित तौर पर एक दूषित कफ सिरप से जुड़ी हैं। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि दवा निर्माताओं के पास एक मजबूत विक्रेता योग्यता प्रणाली हो और वह केवल विश्वनीय और अनुमोदित विक्रेताओं से कच्चे माल का उपयोग करें। डीजीएचएस ने जोर देकर कहा कि औषधि नियमों के अनुसार लाइसेंस धारी को अपने उत्पाद के निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल के प्रत्येक बैच और अंतिम उत्पाद के प्रत्येक बैच का परीक्षण करना होगा। साथ ही लाइसेंस धारी को ऐसे परीक्षणों के सम्बन्ध में विवरण दर्शाने वाले रिकॉर्ड या रजिस्टर भी रखने होंगे। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो–दो हजार पचीस की तर्ज पर राज्य के सभी जिलों में आज से अठारह अक्तूबर के बीच स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने कल लखनऊ में एक प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना, स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को बाजार से सीधा जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ये मेले दिवाली के पूर्व "वोकल फॉर लोकल" अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिलेगी।

**इसका मुख्य उद्देश्य है कि वोकल फॉर लोकल हमें अपने उत्पाद को प्रमोट करना। अपने उत्पाद के जो कारीगर हैं उनके उत्पाद को एक बिक्री का मंच देना है क्योंकि दिवाली में लोग खरीदारी करते हैं और जीएसटी पर जिस तरह से सरकार ने राहत दी है उसके बचत उत्सव के चलते भी बाजारों में रौनक है।**

**********

प्रदेश के कानपुर शहर में कल शाम मूलगंज कोतवाली के मिश्री बाजार इलाके में एक दुकान के पास दो स्कूटी में हुए विस्फोट में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया । कानपुर के पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने लोगों से किसी भी गलत सूचना पर ध्यान न देने की अपील की है। हमारे संवाददाता ने बताया कि विस्फोट की सूचना मिलने पर फोरेंसिक टीम और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया और जांच शुरू कर दी गयी।

**********

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल वाराणसी के सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में 43वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ कुल 36 मेधावियों को 58 पदक वितरित किया।

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। इसकी शुरूआत बाइस सितंबर से हुई थी। जीएसटी सुधार से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। एक रिपोर्ट–

**जीएसटी में नए सुधार से प्रदेश के कारीगरों, किसानों और छोटे व्यवसायों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। यह सुधार राज्य के पारंपरिक क्षेत्रों के लिए विशेष महत्व रखता है, जहाँ जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी जैसे प्रसिद्ध उद्योगों के निर्यात को बढावा मिलने के साथ ही कारीगरों की आजीविका को भी मजबूती मिली है। कानपुर और आगरा के चमड़ा और जूता उद्योग, जिनमें दस लाख से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं, अब 2,500 रुपये तक की कीमत वाली वस्तुओं पर कम जीएसटी का लाभ उठा सकेंगे। फिरोजाबाद, खुर्जा, गोरखपुर और आजमगढ़ जैसे शहर में बनी कांच, सिरेमिक और टेराकोटा उत्पादों पर भी अब पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा जिससे इनकी मांग पर बढोतरी होगी। इसके साथ ही मेरठ, वाराणसी और चित्रकूट जैसे शहरों में बने पारंपरिक खिलौने, हाथ से बने कागज और पर्यावरण–अनुकूल स्टेशनरी के उद्योगों को भी कटौती से लाभ होगा। आगरा का प्रसिद्ध पेठा भी 5 प्रतिशत जीएसटी श्रेणी में आने से सस्ता हो गया है। समर्थ के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मौसम विभाग ने आज से चौदह अक्टूबर तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार आज से लेकर तीन दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस के क्रमिक गिरावट की भी संभावना है।

**********